जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 28 नवम्बर, 2026

RERA No.: RAJ/P/2023/2387

सोने में मिलावट हो सकती है

जमीन में नहीं।

दैनिक भास्कर

जयपुर 17-11-2026

भास्कर इन्वेस्टिगेशन रिपोर्टर ने चीन से मंगवाया रेनियम, मिलावट कराकर गहना बनवाया, 22 कैरेट की शुद्धता आई, जबकि 20 कैरेट होना था

सोने में अदृश्य मिलावट... 7.8 ग्राम सोने में एक ग्राम रेनियम पाउडर मिलवाया, बढ़कर 8.8 ग्राम हुआ, न हॉलमार्किंग मशीन पकड़ पाई, न ही कोई सुनार

मनीष व्यास | जोधपुर

आप जो सोना खरीद रहे हैं, क्या वह वाकई 100% शुद्ध है? या फिर आपकी गाढ़ी कमाई के गहनों में मिलाया जा रहा है चीन का एक ऐसा 'सीक्रेट पाउडर'... जिसे पकड़ पाना हॉलमार्किंग मशीनों के लिए भी नामुमकिन है? भास्कर ने पड़ताल की तो इसमें मिलावट का खुलासा हुआ। चीन के शेन्जेन शहर के एक चीनी एजेंट से यह पाउडर मंगाया गया।

जोधपुर में एक ज्वैलर्स के सहयोग से सोने में मिलवाकर वजन बढ़वाया। फिर हॉलमार्क सेंटर पर जांच कराई तो मशीन इस पाउडर की मिलावट पकड़ ही नहीं पाई। यानी सोने में जितना यह मिलाया गया, उतना ज्यादा वजन का सोना बता दिया गया। सोने के कारोबार से जुड़ी तीन एसोसिएशन से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने भी स्वीकार किया कि चीनी पाउडर रेनियम को मिलाकर देश में सोना बिकने लगा है। ऐसे में ग्राहकों के साथ ठगी हो रही है। बता दें कि हमारे देश में रोज 2 हजार से 2200 किलो सोना बिकता है।

चीनी एजेंट से संपर्क किया तो भारत में ही दलाल बताए



Supplier of rhenium powder (Shenzhen · China)

पाउडर की मिलावट होने पर रिपोर्टर ने चीन के शेन्जेन शहर के एजेंट से बात की। उसने बताया, हमारे यहां रेनियम फैक्ट्री है। सोने में इसे 25% तक मिलाने पर भी यह पकड़ में नहीं आएगा। दाम पूछे तो बताया, दो तरह के रेनियम हैं। एक 3 हजार डॉलर का 100 ग्राम व दूसरा 3400 डॉलर का 100 ग्राम। भारत के कई शहरों में उसके डीलर हैं और यह आसानी से वहां मिल जाएगा।

(चीनी एजेंट के मोबाइल नंबर और उस पर हुई चैट भास्कर के पास है।)

मुंबई से मंगवाया रेनियम

रिपोर्टर ने चीनी एजेंट के बताए अनुसार मुंबई, अहमदाबाद सहित अन्य जगह संपर्क किया। बाद में मुंबई में एक एजेंट से सैंपल के तौर पर एक ग्राम रेनियम ऑर्डर किया। उसने रेनियम के 5 हजार और 300 रुपए कूरियर चार्ज लेकर पैकेट जोधपुर भेजा।

आड बनवाई, मशीन मिलावट नहीं पकड़ पाई



रेनियम मिक्स करते।



रेनियम मिक्स गहना।

रेनियम मिलने के बाद उसे सोने में मिलाने को लेकर प्रयोग कराए। 7.830 ग्राम 24 कैरेट यानी शुद्ध सोने में 1 ग्राम पाउडर मिलवाया। इससे वजन 8.830 ग्राम हो गया। इसका टेस्ट कराया गया तो यह 24 कैरेट सोना निकला। ज्वैलर ने 22 कैरेट की ज्वैलरी बनाने के लिए इसमें 0.75 ग्राम धातु मिक्स की और 9.580 ग्राम की देशी आड (राजस्थानी राजपूती गहना) तैयार कराई।

हॉलमार्क सहित 6 जांच कराई, चांदी-तांबा-जस्ता मिला पर रेनियम नहीं



जांच रिपोर्ट

1 **91.6% हॉलमार्किंग दी :** रेनियम मिक्स ज्वैलरी की जांच कराई। वहां 92K916 का हॉलमार्क जारी हो गया। यह 22 कैरेट सोने के लिए है।

2 **ब्रांडेड शोरूम में 22 कैरेट गोल्ड बताया :** सरदारपुरा बी रोड स्थित एक ब्रांडेड ज्वैलरी शोरूम की मशीन में भी इसे 22 कैरेट की आड बताया। बेचने पर 22 कैरेट के हिसाब से 1.17 लाख रुपए देने और एक्सचेंज कर खरीदारी करने पर 1.23 लाख रुपए का ऑफर दिया।

3 **93.70% सोना और चांदी :** नई सड़क स्थित शोरूम में कैरेट मशीन से जांच कराई। वहां 93.70% सोना, 5.39% चांदी व 0.90% तांबे की पुष्टि हुई। रेनियम का उल्लेख नहीं। शेष | पेज 6

पूरी खबर का वीडियो

देखने के लिए अपने मोबाइल फोन से इस QR कोड को स्कैन करें।

KEDIA

सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

10 लाख की छूट

सिर्फ़ 3 दिन बाकी

FLAT STARTS
~~74 Lacs~~ @64 Lacs

KOTHI STARTS
~~1.18 Cr~~ @1.08 Cr

दिसंबर तक 2 करोड़ की होगी कोठी

PRODUCT TYPE	UNIT TYPE	SIZE	ACTUAL PRICE	CLEARANCE SALE PRICE
WALK-UP APARTMENT	2 BHK (GF)	1350 Sq Ft	74 Lacs	64 Lacs
	3 BHK (SF)	1900 Sq Ft	84 Lacs	74 Lacs
	3 BHK (FF)	1900 Sq Ft	92.5 Lacs	82.5 Lacs
KOTHI	3 BHK BIG	2000 Sq Ft	1.18 Cr	1.08 Cr
	4 BHK BIGGER	2325 Sq Ft	1.41 Cr	1.31 Cr
	4 BHK BIGGEST	3200 Sq Ft	1.85 Cr	1.75 Cr

KEDIA® | 1800-120-2323

info@kedia.com
www.kedia.com
78770-72737

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply